महत्वपूर्ण एवं खास

जेवर खरीदने के बहाने दो युवक मंगलसूत्र लेकर फरार

रायपुर (आरएनएस)। भाठागांव स्थित ओम ज्वेलर्स में अज्ञात दो व्यक्ति ने जेवर खरीदने के के बहाने मंगलसूत्र लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अवधपुरी कालोनी निवासी प्रार्थी जसराज सोनी 35 वर्ष भाठागांव चौक में ओम ज्वेलर्स नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है कि कल रात दो अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी के दुकान में जेवर खरीदने के बहाने आए और दो नग सोने का मंगलसूत्र लेकर भाग निकले। चोरी गए ज्वेलर्स की कीमत करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 454, 380, 34 अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नग्न अवस्था में किया प्रदर्शन

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास अंबेडकर चौक में नग्न अवस्था में प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गौतम साहू 22 वर्ष ने थाने में शिकायत की, कि कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास अंबेडकर चौक में आरोपी संजीत कुमार बर्मन, आशीष, विनय, सुरेन्द्र कुमार नग्न अवस्था में प्रदर्शन कर रहे थे। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

फैक्ट्री में काम करते मजदूर की मौत

रायपुर (आरएनएस)। सिलतरा स्थित वंदना ग्लोबल कंपनी के सेण्डर प्लांट के अंदर कनवेयर बेल्ट में फंस जाने से एक मजदूर की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी छत्रपाल साहू 24 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि मृतक सूरज साहू 20 वर्ष ग्राम जोरातराई दुर्ग का रहने वाला था। मृतक वंदना ग्लोबल कंपनी सिलतरा के सेण्डर प्लांट में काम करता था। बताया जाता है कि काम करने के दौरान वह कनवेयर बेल्ट में फंस गया और उसकी मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कंपनी प्रबंधक एवं ठेकेदार के द्वारा कंपनी में बिना सुरक्षा के काम कराने पर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

प्रेशर बम की चपेट में आने से ग्रामीण महिला हुई घायल

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र के केतुलनार चौक पर माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम की चपेट में आने से ग्रामीण महिला घायल हो गई है। घायल महिला का नाम सोमली हेमला बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सोमली हेमला के बाएं पैर की एड़ी पर चोट आई है, घायल महिला का नेलसनार स्वास्थ्य केंद्र में उपचार जारी है। ग्रामीण महिला की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस घटना की पुष्टि पुलिस अधीक्षक अंजनेय वाष्णेय ने की है।

विस्फोटक सामग्री के साथ 2 नक्सली सहयोगी गिरफ्तार

बीजापुर (आरएनएस)। जिले मे जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना बासागुड़ा से केरिपु एवं कोबरा की संयुक्त टीम सर्चिंग पर पुतकेल, पोलमपल्ली की ओर निकली थी। इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा पुतकेल व तिम्मापुर के जंगल में घेराबंदी कर 02 नक्सली सहयोगी एरोला संतोष एवं एरोला मल्लैया निवासी तिमापुर थाना बासागुड़ा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से इलेक्ट्रीक वायर, 07 जेलेटीन, 04 कोर्डेक्स वायर बरामद किया गया है। गिरफ्तार नक्सली सहयोगियों से पूछताछ में बताया कि उसूर एलओएस कमाण्डर गंगाधर के बताये अनुसार विस्फोटक सामग्री उन्हें पहुंचाने जा रहे थे। गिरफ्तार नक्सली सहयोगियों के विरूद्ध थाना बासागुड़ा में अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही उपरान्त आज न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है।

डॉ.खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को जगाने और की संस्कृति को आगे बढ़ाने वाले अग्रणी नेता थे - मुख्यमंत्री

0 मुख्यमंत्री शामिल हुए डॉ. खूबचंद बघेल जयंती समारोह में

0 मुख्यमंत्री ने डॉ. खूबचंद बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें दी श्रद्धांजलि

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि डॉ.खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को जगाने और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने वाले अग्रणी नेता थे। छत्तीसगढ़ के खान पान, रहन-सहन, बोली, भाषा को ऊपर उठाने में हमारे जिन महापुरुषों ने योगदान दिया, उनमें डॉ. खूबचन्द बघेल सदैव अग्रणी रहे। उन्होंने जीवनभर किसानों, आदिवासियों के हितों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए संघर्ष किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर में आयोजित डॉ. खूबचंद बघेल जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। जयंती समारोह का आयोजन फूल चौक स्थित व्यावसायिक परिसर में किया गया। उन्होंने डॉ. खूबचंद बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, महापौर रायपुर श्री एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष श्री चोवाराम वर्मा, पूर्व राज्यसभा सदस्य श्रीमती छाया वर्मा सहित समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. बघेल छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे। उनकी गिनती छत्तीसगढ़ के प्रथम पंक्ति के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में होती है। वे ऐसे बिरले फ्रीडम फाइटर रहे, जिनकी

मां एवं पत्नी तथा स्वयं उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जेल की यात्राएं की। डॉ. बघेल एक अच्छे राजनेता रहे, उन्होंने विधायक, सांसद, संसदीय सचिव, नेता प्रतिपक्ष जैसे पदों में रहते हुए विधानसभा और लोकसभा में आम जनता की आवाज बुलंद की। उन्होंने पंक्ति तोड़ो, नाता जोड़ो का नारा देकर समाज में व्याप्त विसंगतियों और कुरीतियों को दूर करने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए पहली आवाज डॉ. खूबचंद बघेल ने उठाई। समाज मे जहां भी शोषण, अत्याचार हुए डॉ. साहब ने विरोध किया। उन्होंने सदैव आदिवासी, मजदूर, किसान वर्ग पर होने वाले अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। डॉ. बघेल छत्तीसगढ़ के पहले एकांकी लेखक थे। उन्होंने ऊंच-नीच, जनरैल सिंह, करम छड़हा जैसी अनेक रचनाएँ लिखी। उन्होंने नाटक भी लिखा और साथ ही उनमें अभिनय भी किया। डॉ. बघेल एक अच्छे किसान एवं चिकित्सक थे। साथ ही सहकारिता के क्षेत्र में भी उन्होंने अपना योगदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार डॉ.खूबचंद बघेल के बताए रास्ते पर चलते हुए किसानों, आदिवासियों के उत्थान के लिए काम कर रही है। छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को जगाने और अपनी संस्कृति को नई पहचान दिलाने का काम कर रही है। हमारी संस्कृति से जुड़े हरेली, तीजा जैसे त्यौहारों और गेड़ी, भौंरा जैसे खेलों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने डॉ. खूबचंद बघेल के छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने के काम में योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि बासी के बारे में जो हमारी हीनता है, संकोच है उसे दूर करने के लिए डॉ. बघेल ने कविता लिखी थी कि 'बासी के गुण कहूं कहां' तक, इसे न टालो हासी में, बिकट विटामिन भरे हुए हैं, छत्तीसगढ़ के बासी म'। हमने एक मई, मजदूर दिवस को बोरे-बासी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। डॉ. बघेल ने किसान, मजदूर आदिवासी समाज के उत्थान के लिए जो स्टैंडर्ड तैयार किया है, जो लकीर खींची है, वो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने जीवन भर किसानों के हित के लिए लड़ाईयां लड़ी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार भी उनके नक्शे कदम पर चलते हुए इन वर्गों के लिए कार्य कर रही है। आज हमारा अन्नदाता किसान खुश है, किसानों को उपज का सबसे ज्यादा मूल्य छत्तीसगढ़ में मिल रहा है। भूमिहीन श्रमिकों को 7 हजार रुपए की सलाना मदद की जा रही है। आदिवासियों के उत्थान के लिए समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली लघु वनोपज 7 से बढक़र अब 65 कर दी गई है। इन लघु वनोपज से बनने वाले उत्पादों की संख्या 150 से बढक़र 600 हो गयी है।

भूविस्थापितों ने कुसमुंडा सीजीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर जड़ा ताला

कोरबा। रोजगार दिए जाने की मांग को लेकर भूविस्थापित किसान रोजगार संघर्ष एकता संघ के बैनर तले आज कुसमुंडा सीजीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जडक़र प्रदर्शन किया और अपनी मांगें एसईसीएल प्रबंधन के समक्ष रखी।

जानकारी के अनुसार भूविस्थापितों द्वारा तालाबंदी व महा हड़ताल की चेतावनी एसईसीएल के अधिकारियों व स्थानीय प्रशासन को पहले ही दे दी गई थी और कहा था कि 19 जुलाई तक उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे इस दिन सुबह सीजीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर महा हड़ताल शुरू कर देंगे। भूविस्थापितों द्वारा दी गई चेतावनी का अधिकारियों पर जब कोई असर नहीं हुआ और उनकी मांगें अनसुनी कर दी गई तो आज सुबह एसईसीएल खदान के अधिग्रहण से प्रभावित गांवों के भूविस्थापित महिलाओं व बच्चों के साथ सीजीएम कार्यालय के पास एकत्रित हुए और मुख्य द्वार पर पहुंचकर उसमें ताला जडने के साथ ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। मुख्य द्वार पर ताला जड़े जाने के कारण एसईसीएल के अधिकारी अपने कार्यालय तक नहीं पहुंच सके और कामकाज प्रभावित हुआ। मुख्य द्वार पर भूविस्थापितों द्वारा ताला जड़े जाने की सूचना मिलने पर एसडीएम कटघोरा, तहसीलदार व एसईसीएल के उच्चाधिकारियों को हुई तो वे मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे भूविस्थापितों को मनाने का प्रयास किया लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भूविस्थापितों का प्रदर्शन जारी था और एसईसीएल के अधिकारी चर्चा कर उन्हें मनाने का प्रयास कर रहे थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मुरली महंत ने भी पहुंचकर हड़ताल का समर्थन किया और प्रदर्शनकारियों के साथ कुछ देर तक उपस्थित रहकर अपना विरोध जताते हुए अधिकारियों से भूविस्थापितों को रोजगार दिए जाने की मांग की।

स्कूल बस का संचालन शुरू किये जाने की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं ने दिया धरना

कोरबा। स्कूली बसों का संचालन फिर से शुरू किये जाने की मांग को लेकर आज स्कूली छात्र-छात्राओं ने लैंको अमरकंटक पॉवर प्लांट के बाहर धरना दिया। उनका कहना है कि पूर्व में लैंको प्रबंधन द्वारा उन्हें सकूल बस की सुविधा प्रदान की जाती रही है लेकिन इस सत्र में सुविधा को बंद कर दिया गया है जिससे उन्हें स्कूल आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सभी बच्चे प्लांट के सटे कई गांव में रहते हैं,जिन्हें कच्ची रास्तों के सहारे पहले मुख्य सडक़ पर आना पड़ता है फिर उसके बाद निजी बसों के माध्यम से स्कूल पहुंचते है जिसके कारण उन्हें कई बार देरी हो जाती है।

स्कूली छात्रों के प्रदर्शन को श्रमिक संगठन इंटक का साथ मिला है। छात्रों के साथ वे भी प्रबंधन की खिलाफत कर रहे है। उनका कहना है कि प्रबंधन केवल अपने नियमित कर्मचारियों के बच्चों को बस की सुविधा प्रदान कर रहा है जबकि भू-विस्थापित बच्चों की सुविधा से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। लैंको प्रबंधन द्वारा पिछले दस सालों से स्कूल बसों का परिचालन किया जा रहा है जिसे अचानक बंद करने से छात्रों के सामने विकट समस्या खड़ी हो गई है। लोग चाहते हैं, कि प्रबंधन उनकी समस्या का जल्द समाधान करना पड़े नहीं तो उनके द्वारा काम बंद आंदोलन किया जाएगा।

लायन्स क्लब कोरबा गुरुकुल व कोरबा ग्रेट के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

कोरबा। नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकूड़ा मड़वारानी में इंटरनेशनल लायन्स क्लब के द्वारा गठित लायन्स क्लब कोरबा गुरुकुल व लायन्स क्लब कोरबा ग्रेट के नवनियुक्त पदाधिकारियों का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें लायंस क्लब गुरुकुल के नए अध्यक्ष लायन डॉ. प्रियंका गुप्ता व लायंस क्लब कोरबा ग्रेट के अध्यक्ष लायन नूतन राजवाड़े एवं उनकी टीम ने शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिका जालान मल्टीपल कॉन्सिल चेयरमैन रहे। इस अवसर पर लायन मधु लता राजवाड़े, राजेश अग्रवाल, पीएमजेएफ राजकुमार अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, रंजना क्षेत्रपाल, डॉ. व्ही के अग्रवाल, डॉ. संजय गुप्ता, विवेक आनंद गुप्ता, शपथ अधिकारी प्रीतपाल बी एस बाली रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों ने पौधरोपण किया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्कूलिंग कर उनको क्लब के बारे में विस्तृत जानकारी मुख्य अतिथि द्वारिका जालान के द्वारा दी गई। उसके बाद दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण व ध्वज वंदना ध्विश्वशान्ति हेतु मौन रखा गया। कार्यक्रम के संयोजक राज कुमार अग्रवाल के द्वारा स्वागत भाषण व शिक्षक कमलेश दास वैष्णव के द्वारा मोटिवेशनल सांग और डांस शिक्षिका मधुपाल के द्वारा कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात क्लब के नव नियुक्त पदाधिकारियों में अध्यक्ष लायन डॉ.प्रियंका गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रथम समृद्धि शुक्ला, उपाध्यक्ष द्वितीय मधु पाल, सचिव सुमन झा, सह सचिव विष्णु नामदेव, व अन्य द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया।

सामूहिक दुष्कर्म के चारों आरोपित बिलासपुर से गिरफ्तार

कोरबा। सर्वमंगला मंदिर से अपने दूर के रिश्तेदार मित्र के साथ वापस घर लौट रही एक 15 साल की किशोरी का रास्ते से दो बाइक में सवार चार युवकों ने अपहरण कर लिया। उसके मित्र ने कुछ दूर तक पीछा किया पर बाइक सवार चारों युवक ओझल हो गए। सूने डंपिंग यार्ड में ले जाकर तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने चारों आरोपित को बिलासपुर से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना गत चार जुलाई को दोपहर 12 बजे कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली किशोरी के साथ हुई, पिता के घर पर नहीं होने की वजह से रिपोर्ट 12 जुलाई को दर्ज कराई गई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपने मित्र के साथ बाइक में सर्वमंगला मंदिर गई थी। वहां से वापस लौटते वक्त राता खार बाईपास रोड कब्रिस्तान के आगे रुके थे, तभी दो बाइक में सवार चार युवक पहुंचे और उसका हाथ पकड़ कर जबरदस्ती खींचने लगे। उसने विरोध किया, तब तक थोड़ी दूर ही खड़ा उसके मित्र वहां पहुंचा और छोड़ने कहा, पर युवकों ने उसकी बात अनसुनी करते हुए किशोरी को डराते धमकाते हुए अपने साथ जबरदस्ती बाइक में बैठा कर ले गए। कुछ दूर तक उसके मित्र ने पीछा किया, पर तेज रफ्तार में चारों युवक भाग निकले। किशोरी को डंपिंग यार्ड के सूने इलाके में ले जाकर तीन युवकों ने दुष्कर्म किया। किशोरी ने बताया कि एक युवक बाल खींच कर पकड़ा और दो युवक हाथ पकड़े हुए थे। वह काफी चीखी चिल्लाई, पर कोई मदद के लिए नहीं पहुंचा। उसका कहना था कि कि आरोपितों का नाम नहीं जानती, पर वह देख कर पहचान जाएगी। दिनदहाड़े हुई इस घटना को लेकर पुलिस के सकते भी आ गई और पीड़िता को पुलिस ने बाल कल्याण समिति में बयान कराया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि साइबर टीम कोरबा के साथ संयुक्त रुप से आरोपितों की पतासाजी की जा रही थी। चूंकि आरोपी अज्ञात थे व पीड़िता ने आरोपित युवकों को पहले कभी नहीं देखी थी इसलिए उनकी पतासाजी करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा की बारीकी से पड़ताल की, तब एक स्थान पर पुलिस को फुटेज में एक आरोपित की तस्वीर दिखाई दी। इसी आधार पर अन्य आरोपितों की जानकारी मिली। कोतवाली पुलिस व साइबर टीम के संयुक्त प्रयास से आरोपितों की बिलासपुर में छुपे रहने कि जानकारी मिली। तब एक पुलिस टीम को बिलासपुर भेजा गया, जहां दबिश देकर आरोपितो को गिरफ्तार किया गया।

जिले में तीन कंपनियों के उर्वरक पाये गये अमानक

❐ कृषि विभाग ने अमानक उर्वरकों की बिक्री एवं वितरण पर लगाया प्रतिबंध, कंपनियों को नोटिस जारी

कोरबा। जिले के एक उर्वरक दुकान और एक सहकारी समिति में भण्डारित उर्वरक नमूना विश्लेषण में अमानक पाए गए हैं। उक्त स्थानों में कुल तीन कंपनियों के उर्वरक अमानक पाए जाने पर कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की बिक्री एवं वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अमानक पाए गए उर्वरकों के लिए संबंधित उर्वरक निर्माता कंपनियों को नोटिस भी जारी कर दिया गया है। उर्वरक कंपनियों को उर्वरक के अमानक पाए जाने के कारण का जवाब प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया गया है। मेसर्स हेमन्त कृषि केन्द्र रलिया कटघोरा में नेशनल फर्टिलाइजर कंपनी के 30.15 टन यूरिया, बीईसी फर्टिलाइजर्स कंपनी के 22.50 टन एसएसपी 16 प्रतिशत एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पोड़ी पाली में आईपीएल सीथाकाठी कंपनी के 12.55 टन एमओपी 60 प्रतिशत उर्वरक के जांच नमुने विश्लेषण उपरांत अमानक पाये गये है। विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार आईपीएल सीथाकाठी कंपनी के एमओपी 60 प्रतिशत उर्वरक निर्धारित नमी के अनुसार नही पाये जाने के कारण विश्लेषण में अमानक पाये गये हैं। नेशनल फर्टिलाइजर कंपनी के यूरिया उर्वरक निर्धारित पार्टिकल साइज के अनुसार नही पाये जाने के कारण अमानक पाये गये है।

इसी प्रकार बीईसी फर्टिलाइजर कंपनी के एसएसपी 16 प्रतिशत उर्वरक में पोषक तत्व निर्धारित मात्रा में नही पाये जाने के कारण अमानक पाये गये है।

उप संचालक कृषि अनिल शुक्ला ने बताया कि अमानक पाए जाने पर संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही जिले में अमानक पाये गये लाट के उर्वरकों के भण्डारण एवं वितरण को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होने बताया कि किसानों को सही दाम एवं उच्च गुणवत्तायुक्त रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता के लिए कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर उर्वरक नमुनों को विश्लेषण के लिए रायपुर स्थित प्रयोग शाला भेजा जाता है। उर्वरक निरीक्षकों के द्वारा उर्वरक नमुना विश्लेषण के लिए उपसंचालक कृषि उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला लाभांडी रायपुर भेजा गया था। भेजे गए नमुनों में से उर्वरकों का विश्लेषण अमानक स्तर के प्राप्त हुए हैं।

प्लेसमेंट कर्मी पर महिला ने लगाया छेड़छाड़ व जातिगत गाली-गलौज करने का आरोप

कोरबा। नगर पालिका अपने कार्यो को लेकर सुर्खियां बटोरने में माहिर हैं, लेकिन इस दफा नगर पालिका के अधीनस्थ प्लेसमेंट कर्मचारी पर महिला ने गम्भीर आरोप लगाकर पालिका को उस पायदान पर खड़ा कर दिया है जिसकी कभी अपेक्षा भी नहीं की जा सकती थी। इससे साबित होता है कि पालिका में इस तरह के कर्मचारी भी मौजूद हैं जो नगर पालिका की छवि को तार तार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दरअसल नगर पालिका के वार्ड की महिला ने थाना कटघोरा सहित अजाक थाना व कोरबा एसपी के समक्ष शिकायत पेश की है, जिसमे नगर पालिका के प्लेसमेंट कर्मचारी पर गम्भीर आरोपो का जिक्र है। कटघोरा पुलिस शिकायत को लेकर जांच कर रही है वही महिला ने कोरबा विशेष थाने में भी शिकायत पेश की है।

जानकारी अनुसार कटघोरा नगर पालिका परिषद के वार्ड क्र.04 की प्रार्थीया ने नगर पालिका के प्लेसमेंट कर्मचारी पर छेड़छाड़ व जातिगत गाली गलौज करने के आरोप लगाए है। कर्मचारी प्रार्थिया को लंबे समय से परेशान करता आ रहा है। कई दफा प्रार्थिया ने मौखिक रूप से पालिका के कर्मचारी को आगाह किया गया पर वह अपनी हरकतों से बाज नही आया। प्रार्थिया की माने तो 2 मई को पालिका का कर्मचारी प्रार्थिया के घर में जबरन घुस कर जातिगत गाली गलौच व अभद्रता कर प्रार्थिया व उसके परिवार की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। घटना के बाद प्रार्थिया का परिवार डरा सहमा रहने लगा उनका घर से निकलना मुश्किल हो गया। प्रार्थिया ने लोकलाज के चलते थाना जाना उचित नही समझा, लेकिन घटना के बाद भी पालिका का कर्मचारी प्रार्थिया के दामन पर छीटाकशी करने से बाज नही आया। लिहाजा प्रार्थिया ने लोकलाज को त्याग 11 जुलाई को थाना कटघोरा में पालिका कर्मचारी के खिलाफ शिकायत पेश की,जहां शिकायत पर कटघोरा पुलिस जांच कर रही थी कि 18 जुलाई को पालिका का कर्मचारी पुन: प्रार्थिया के घर पहुंचा और प्रार्थिया पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने गाली गलौच के साथ जान से मारने की धमकी देने का प्रयास किया। जहां प्रार्थिया ने उक्त घटना की जानकारी तत्काल स्थानीय थाना प्रभारी को दी।

लेकिन सूचना देने के बाद भी जब पुलिस हरकत में नही आई तो असंतुष्ट प्रार्थिया ने नवपदस्थ कोरबा एसपी के समक्ष अपनी समस्या रखी व कोरबा विशेष थाना में लिखित शिकायत प्रस्तुत की है। प्रार्थिया ने एक दफा पालिका के कर्मचारी को नगर पालिका कार्यालय में ही जमकर खरीखोटी सुनाई थी,जहां कर्मचारी के बचाव में आकर पालिका के कुछ कर्मचारियों ने मामले का अपने स्तर पर पटाक्षेप किया । शिकायत होने के बावजूद भी कर्मचारी का प्रार्थिया के घर जाकर रौब दिखाना साबित करता है कि कर्मचारी को पुलिस का जरा भी ख़ौफ़ नही है।अब अगर अपराधियो व उदण्डकारियो में पुलिस का ख़ौफ़ ही नही तो ऐसे में पुलिस के पास जाने का कोई औचित्य नही रह जाता है, खैर नवपदस्थ थाना प्रभारी ने मामले पर संज्ञान लिया है और जल्द लापवाह व उदण्ड कर्मचारी पर कार्यवाही किये जाने की बात कही जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मूलभावना कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समस्त उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU